# दूषित पानी की आपूर्ति से जन आक्रोश

## अमरमऊ में नल जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन और चॉबी चेंबरों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 24 फरवरी. केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री नल जल योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, लेकिन जिले के शाहगढ़ क्षेत्र के कई गांवों में यह योजना अपने मूल उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है.**



ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदारों और संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे भविष्य में किसी बड़ी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. मिली जानकारी के अनुसार यह समस्या केवल एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि शाहगढ़ क्षेत्र के अनेक ग्रामों में ऐसे हालात देखे जा सकते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइनों और चाबी चेंबरों की गुणवत्ता बेहद खराब है, कई स्थानों पर बीच सड़क पर बने चाबी चेंबरों में गंदा पानी भर जाता है और वहीं से सप्लाई लाइन में प्रवेश कर रहा है, इससे घरों तक पहुंचने वाला पानी दूषित हो रहा है. ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति गंभीर रूप ले सकती है. लोगों का कहना है कि दूषित पानी के कारण जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते संज्ञान नहीं लिया तो भविष्य में इंदौर के भागीरथपुरा जैसी घटना की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता, वहां दूषित पानी के कारण बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए थे. क्षेत्र के लोग नहीं चाहते कि ऐसी कोई अप्रिय घटना यहां घटित हो. कुछ दिन पूर्व कलेक्टर संदीप जीआर ने ग्राम पंचायत अमरमऊ का निरीक्षण किया था. उस दौरान ग्रामीणों की शिकायतों के आधार पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए थे.

> कलेक्टर के निरीक्षण के अगले दिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सक्रिय नजर आया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिनों बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया, वर्तमान में स्थिति में कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिल रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि जब कलेक्टर के निर्देशों का भी पालन नहीं हो रहा है, तो आम जनता अपनी शिकायत लेकर किसके पास जाए? उनका आरोप है कि संबंधित कर्मचारी और ठेकेदार प्रशासनिक आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं. विशेषज्ञों के अनुसार दूषित पानी के सेवन से डायरिया, टाइफाइड, हैजा सहित कई जलजनित रोग फैल सकते हैं, ऐसे में यदि समय रहते पाइपलाइन, चेंबर और जलस्रोतों की जांच एवं मरम्मत नहीं की गई, तो हालात बिगड़ सकते हैं. ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे शाहगढ़ क्षेत्र में नल-जल योजना की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए. साथ ही दोषी ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जा सके.

## प्रमं आवास साइट से 6 क्विंटल लोहा चोरी हुआ

**सागर.** सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित राजघाट रोड पर निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना की साइट से करीब छह क्विंटल सरिया चोरी किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से लगभग चार क्विंटल सरिया व एक मोटर साइकिल बरामद की है. जानकारी के अनुसार राजघाट रोड पर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3 के समीप प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण कार्य चल रहा है. निर्माण कार्य का ठेका लेने वाले अरशद अली ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात बदमाश साइट से लोहे की सरिया चोरी कर ले गए. रिपोर्ट में बताया गया कि साइट की देखरेख के लिए एक गार्ड के रूप में तैनात किया गया है. गार्ड ने ठेकेदार को फोन पर सूचना दी कि कुछ युवक साइट पर रखी सरिया लेकर भाग गए हैं. चोरी गए माल की कीमत लगभग 35 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस ने टपरिया क्षेत्र से कमलेश जाटव, अमन रजक, बिट्टू विश्वकर्मा को हिरासत में लिया. तीनों ने सरिया चोरी करना स्वीकार कर लिया.

# विश्व चिंतन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## स्काउटिंग के जन्मदाता बेडेन पावेल का स्मरण किया, आगामी सत्र के कार्यक्रम तय

नवभारत न्यूज

**सागर 24 फरवरी. विश्व चिंतन दिवस पर तिलक हाई स्कूल में श्रीमती कंचन सिंह एवं मंजू लता सोनी द्वारा बीपी एवं लेडी बीपीके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं स्काउट धर्मेंद्र विश्वकर्मा, राज साहू गाइड धनवती लोधी, लक्ष्मी आठिया खुशबू रैकवार, प्रीति राठौड़, सुबी रावत ,बेबी रावत द्वारा रंगोली एवं पर्यावरण से मित्रता पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा वर्ष 2026 की थीम पर हमारे मित्रता पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर यह बताया कि यह आंदोलनसभी के लिए मित्रवत खुला हुआ है.**



विश्व चिंतन दिवस केवल एक दिन नहीं है बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है यह दिन हमें सीखना है कि हमें अपने विचारों और कर्मों को समाज को भलाई और दुनिया के उज्जवल भविष्य के बारे में चिंतन करना चाहिए इस दिन का उद्देश्य है कि हम अपनी सोच और चिंतन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलावलाने के लिए प्रेरित करें. स्काउटिंग गाइडिंग के 100 वर्ष केवल एक संगठन का सफर नहीं बल्कि दुनिया को एक सूत्र में फिर होने का सफर है सच्ची मित्रता ही वह बीज है जिसमें मानवता का वृक्ष फलता फूलता रहता है. इसके पश्चात संगोष्ठी मे कॉर्डिनेटर कृष्णा साहू, डी.ओ.सी.चंद्रभान सिंह लोधी, जिला सचिव लीलाधर अहिरवार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गौरीशंकर शर्मा, राष्ट्रपति स्काउट रोवर भगवान सिह लोधी ,दुर्गा गोवा द्वाराअपने-अपनेविचार साझा किया.

## रोजगार शिविर संपन्न

**रहली.** वन क्षेत्र के आसपास युवाओं, वन समिति सदस्यों को आत्म निर्भर बनाने रोजगार प्रदान करने दक्षिण वन मंडल के तत्वावधान में रानगिर स्थित वन विश्राम गृह में कौशल एवं रोजगार शिविर का आयोजन किया. जिसमें भारतीय औद्योगिक अनेक कंपनियों के अधिकारी उपस्थित हुए, जिन्होंने 18 से 34 वर्ष की उम्र के युवक व युवतियों के पंजीयन पर उन्हें कंपनी एवं कंपनी की नौकरी की जानकारी दी. शिविर में 500 युवक-युवती शामिल हुए.



# जागरुकता व सुविधा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सागर 24 फरवरी. पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय एवं जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी में महिला पुलिस स्टाफ के लिए मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी जागरूकता एवं सुविधा सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

यह कार्यक्रम देसाई फ़ाउंडेशन ट्रस्ट एवं गृहम हाउसिंग फाइनेंस के सहयोग से तथा महिला सुरक्षा विभाग के समर्थन से क्रियान्वित किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत देसाई फउंडेशन ट्रस्ट की टीम द्वारा महिला पुलिस स्टाफ को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया. मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के सुरक्षित तरीके के बारे में बताया गया.

# सिटी फॉरेस्ट के मेंटेनेंस को लेकर सवाल

नवभारत न्यूज

**सागर 24 फरवरी. विधानसभा के बजट सत्र में विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि किसी भी राज्य की तरक्की उसकी वन संपदा से जुड़ी होती है, मध्य प्रदेश देश का वन संपदा के मामले में अग्रणी राज्य है और हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है.**

उन्होंने कहा कि सागर और अन्य शहरों के आसपास स्थित वन क्षेत्रों को सिटी फॉरेस्ट के रूप में उन्नत किया गया है, और प्रदेश में 94 सिटी फॉरेस्ट बनाए गए हैं, जो देश में सबसे पहले स्थान पर हैं, इन सिटी फॉरेस्ट्स का कार्य शहरों के फेफड़ों और ऑक्सीजन बैंक के रूप में होता है, लेकिन मेंटेनेंस के लिए केंद्र या राज्य स्तर से बजट का कोई प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे इनका रखरखाव मुश्किल हो रहा है. विधायक ने इन सिटी फॉरेस्ट्स के मेंटेनेंस के लिए बजट आवंटन की मांग की.

> विधायक श्री जैन ने बताया कि शासन द्वारा चिड़ियाघर निर्माण के लिए सागर और रायसेन के प्रस्ताव भेजे थे जिन्हें नेशनल जू अथॉरिटी ने इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है, लेकिन बजट की कमी के कारण यह काम रुक गया है. उन्होंने इसके लिए कांपा फंड का उपयोग कर जू रेस्क्यू सेंटर बनाने का सुझाव दिया. उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से न केवल पर्यटन के क्षेत्र में विकास होगा बल्कि वन्यजीवों के रेस्क्यू सेंटर के रूप में भी एक बड़ा कार्य होगा. इसके अलावा, विधायक जैन ने तेंदू पत्ता उद्योग के मुद्दे पर भी ध्यान आकर्षित किया. मध्य प्रदेश देश का 50% तेंदूपत्ता आपूर्ति करता है, लेकिन बीड़ी निर्माण में कमी आई है, जबकि पश्चिम बंगाल में बीड़ी निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है.

## अतिथि शिक्षक घायल

**राहतगढ़.** पीएमश्री हाईस्कूल में पदस्थ अतिथि शिक्षक राजा विश्वकर्मा जैसीनगर के सूखा गांव से बाइक से खेजरामाफी स्कूल जा रहे थे. भोपाल तिराहा के आगे मजार के पास बाइक के नीचे बंदर आने से बाइक का अनियंत्रित होकर जा गिर गई. बाइक पर सवार अतिथि शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको नाक कान सिर में चोट लगी साथ ही सहित हाथ पैर फैक्चर हो गए, राहतगढ़ सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सागर बीएमसी रेफर किया गया. जानकारी के मुताबिक ईअटेंडेंस के चलते यह हादसा हुआ है.

# किसानों को नहीं देना पड़ेगी पल्लेदारी: पांडे

नवभारत न्यूज

**रहली 24 फरवरी. हर सीजन में समर्थन मूल्य पर होने वाली फसल खरीदी में खरीद केंद्रों पर होने वाले भ्रष्टाचार से किसानों का शोषण रोकने के लिये किसानों ने किसान अक्षय हजारी के नेतृत्व में तहसीलदार से भेंट की.**



तहसीलदार से भेंट के दौरान खरीदी केंद्र पर जबरन वसूली होने वाली पल्लेदारी को लेकर बात रखी. तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि इस बार खरीद केंद्रों पर किसानों को तुलाई राशी नहीं देनी पड़ेगी. साथ ही व्यवस्थित रुप से तुलाई होगी और अधिक तौल ना देने की बात भी कही है तहसीलदार राजेश पांडे ने बताया कि इस बार नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दंडित भी किया जाएगा.

# बाल श्रम उन्मूलन जागरुकता रैली निकाली

नवभारत न्यूज

**सागर 24 फरवरी. बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों को नियोजकों एवं आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सहायक श्रमायुक्त कार्यालय द्वारा जागरूकता रैली एवं जन-जागरण अभियान का आयोजन किया गया.**



रैली का शुभारंभ यातायात चौकी कटरा बाजार से बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष किरण शर्मा एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य चंद्रप्रकाश शुक्ला द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया. रैली यातायात चौकी से प्रारंभ होकर कटरा मस्जिद होते हुए तीन बत्ती पहुंची और पुन: यातायात चौकी पर आकर समाप्त हुई. रैली में शामिल प्रतिभागियों ने बैनर, तख्तियों एवं नारों के माध्यम से नागरिकों को बाल श्रम के खिलाफ जागरूक किया और बाल श्रमिकों को नियोजित न करने का संदेश दिया. प्रभारी सहायक श्रम पदाधिकारी पी.के. जैन ने आभार व्यक्त किया. इस आयोजन में बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, युवा विकास मंडल एनजीओ, कृषक सेवा संघ एनजीओ, शिव साई महिला सेवा संघ एनजीओ, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद संस्थाएं मौजूद थीं.

# फेरी वाले के साथ हुई मारपीट

नवभारत न्यूज

**सागर 24 फरवरी. सुरखी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलहरा पुलिस चौकी के समनापुर गांव में बंगाल निवासी एक फेरीवाले के साथ मारपीट की गई.**

विवाद में पश्चिम बंगाल के वीरभूमि निवासी 37 वर्षीय सैयद एसके घायल हो गए, जिनका इलाज के बीएमसी में जारी है. पुलिस के अनुसार सैयद पिछले करीब 10 वर्षों से सागर में रहकर कपड़े की फेरी का काम कर रहे हैं. वर्तमान में वह कैंट क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह वार्ड में निवास करते हैं, घटना वाले दिन वह समनापुर गांव में फेरी लगाकर कपड़े बेच रहे थे. इसी दौरान सड़क पर बाइक सवार तीन युवकों से साइड को लेकर विवाद हो गया, विवाद बढ़ने पर युवकों ने उनके साथ मारपीट की. आरोप है कि चाकू से भी हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गए, घटना के बाद पश्चिम बंगाल में रह रही उनकी पत्नी नुरेफा बीवी ने आशंका जताई है कि उनके पति को बंगाली भाषा बोलने के कारण निशाना बनाया गया. एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह घटना सड़क पर हुई कहासुनी के बाद मारपीट की प्रतीत हो रही है. सैयद ने सड़क पर वाहन अचानक रोक दी थी, जिससे पीछे आ रहे बाइक सवारों से विवाद हो गया था.

# जंगली सुअर के शिकार में एक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 24 फरवरी. शाहगढ़ वन परिक्षेत्र की टीम ने जंगली सुअर का शिकार करने और उसका मांस बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. इस आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.**



वन विभाग को सूचना मिली थी कि उप वनक्षेत्र हीरापुर की वीट तिगोड़ा स्थित खेत में जंगली सुअर का शिकार कर उसका मांस खाया जा रहा है. इस सूचना के आधार पर परिक्षेत्र अधिकारी सर्वेश सोनी के निर्देश पर हीरापुर सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जीपी गौतम की टीम ने तिगोड़ा निवासी मानक लोधी के खेत में बनी अस्थायी झोपड़ी पर दबिश दी. तलाशी के दौरान झोपड़ी के पास खेत की मेड़ पर घास में छिपाकर रखा गया जंगली सुअर का मांस पॉलीथिन में मिला. वन विभाग ने मांस जब्त कर आरोपी से पूछताछ की. मानक लोधी ने बताया कि उसके द्वारा शिकार किए हुए सुअर के मांस को बेचने और खाने के लिए रखा था, इसके बाद वन विभाग की टीम ने मानक लोधी को गिरफ्तार कर लिया.

परिक्षेत्र अधिकारी सर्वेश सोनी ने बताया कि आरोपी से करीब तीन किलोग्राम मांस बरामद किया गया है. उन्होंने पुष्टि की कि आरोपी ने पहले सुअर का शिकार किया और फिर उसके मांस का विक्रय करना था. आरोपी को शाहगढ़ न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा गया.




# आकाश के श्रुत सिटी टॉपर रहे

नवभारत न्यूज

**सागर 24 फरवरी. आकाश एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के श्रुत जैन जेईई मेन में सिटी टॉपर रहे हैं. जिन्होने प्रथम चरण में 98.65 परसेंटल प्राप्त किया है.**

संस्थान के अस्टिंट डायरेक्टर अनूप कुमार और शाखा प्रबंधक राजेश मिश्रा ने श्रुत को सम्मानित किया. तिरुपतिपुरम निवासी आशीष जैन के पुत्र श्रुत ने कोचिंग के साथ-साथ 8 से 10 घंटे तक परीक्षा की तैयारी की.अस्टिंट डायरेक्टर श्री कुमार ने बताया कि संस्थान 37 वर्षों से जेई और नीट की तैयारी देश के 415 ब्रांचों के माध्यम से कराता आ रहा है. मप्र में भी 17 ब्रांच है.जानकारी के अनुसार हाल ही में संस्थान ने भारतीय सेना और सीआरपीएफ परिवार कल्याण संघ के साथ तीन वर्ष के लिए एमओयू साइन किया है जिसमें कर्मियों और उनके परिवारों के लिए शैक्षिक सहायता दी जायेगी. इसके पूर्व सीमा सुरक्षा बल के साथ भी एमओयू साइन कर चुके हैं.

## रंगपंचमी पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**सागर.** सिंधी कॉलोनी मनवानी गली में सिन्धु संस्कार और सिंधी समाज के तत्वावधान में 8 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. शहर के सभी कवि व कवयित्री आमंत्रित किए गए हैं. यह कार्यक्रम का 21 वां वर्ष है इसमें शहर के कवि एक दूसरे से मुलाकात कर यादें ताजा करते हैं और एक दूसरे से मिलते हैं. डॉ.सुरेशचंद्र रावत, निर्मल भोले ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र जैन, समाजसेविका डॉ. मीना पिंपलापुरे, कैलाश देवलिया, हरगोविंद विश्व, सुनील निधि जैन, गजाधर सागर, शैलेश केशरवानी, मोहनलाल सडानी, चंद्रकांत भाई पटेल, अनिल गंगवानी, चम्पक भाई जैन, शंकर मोटवानी, कमल हिंदुजा, अशोक अग्रवाल, पप्पू तिवारी मौजूद रहेंगे. इस हेतु सिंधी कॉलोनी में बैठक आयोजित होगी.

# भैंसा नाका ईदगाह में 5 दिवसीय शबीना संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 24 फरवरी. पवित्र रमजान माह के पहले पांच दिनों में भैंसा नाका स्थित ईदगाह में शबीना कार्यक्रम संपन्न हुआ.**

पहले रोजे से लेकर पांचवें रोजे तक आयोजित विशेष तरावीह में हाफिज व कारी अल्लामा मौलाना हाजी अब्दुल रकीब मिस्बाही साहब ने पूरे एहतराम और तरतीब के साथ कुरआन शरीफ की तिलावत सुनाई. पांच दिनों तक चलने वाले शबीना के दौरान पूरा माहौल इबादत, जिक्र और तिलावत से सराबोर रहा. शबीना के समापन पर नातिया महफिल का आयोजन किया गया, जिसमें हाफिज सगीर, हाफिज शमीम, हाफिज व कारी शाह आलम, हाफिज सैयद जावेद, हाफिज सोहेल एवं सूफी शकील सहित अन्य ने नात-ए-पाक पेश की.



> इस अवसर पर जामा मस्जिद सदर मुफ्ती मोहम्मद जावेद रजा कादरी मिस्बाही ने अपने बयान में कुरआन शरीफ की अहमियत और हजरत मोहम्मद की सीरत-ए-मुबारका पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना है, जो इंसान को सब्र, तकवा और भाईचारे का संदेश देता है, उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रमजान के पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें और समाज में आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा दें. कार्यक्रम के अंत में देश और दुनिया में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए सामूहिक दुआ की गई. आयोजकों ने सभी नमाजियों, उलेमा और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं.

# उद्योग व्यापार मंडल की बैठक



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 24 फरवरी. जिला उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जिला अध्यक्ष सुरेश बड़ेरा की अध्यक्षता में एवं जिला वरिष्ठ महामंत्री प्रदीप सतरवांस, जिला महामंत्री शैलेंद्र सिंघई के संचालन में संपन्न हुई.**

बैठक में सभी व्यापारी भामाशाहों एवं पदाधिकारीयों ने अपने-अपने विचार रखें और सर्वसम्मति से तय किया गया कि 5 अप्रैलको प्रांतीय कार्य समिति की बैठक, होली मिलन व्यापारी सम्मेलन के रूप में की जावेगी. मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल रहेंगे. प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा जनपद की जिन व्यापारियों को कोई भी समस्या हो वह लिखित रूप से संगठन के अध्यक्ष, महामंत्री या प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन के रूप में समस्याएं रख सकते हैं. नगर महामंत्री समित समैया ने आभार माना. बैठक में मनीष सड़ैया, जयकुमार महोली, कमलेश सराफ, संतोष इमलिया, अजय सोनी, अंकुर सिंघई, अभिषेक अनोरा, बॉबी राजा, डॉ संजीव कड़की, विजय पहलवान, रविंद्र दिवाकर मौजूद थे.

# नरवाई प्रबंधन के सभी विकल्प बताए गए

नवभारत न्यूज

**खुरई 24 फरवरी. किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जनपद पंचायत खुरई में कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में अनुविभाग स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया.**




रबी सीजन के बाद की सबसे नरवाई जलाने की ज्वलंत समस्या हेतु नरवाई प्रबंधन के विषय पर भी चर्चा हुई. नरवाई प्रबंधन के सभी विकल्प जैसे यंत्रीकरण, भूसा बनकर भेजना, बैक्टीरिया द्वारा अपघटन आदि विभिन्न उपाय, लाभ एवं प्रबंधन में काम आने वाले विभिन्न यंत्र जिसमें प्रमुख रूप भूसा मशीन, बेलर आदि के बारे में भी जानकारी दी गई. कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, जनपद अध्यक्ष जमुना प्रसाद, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, स्थाई कृषि समिति के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजपूत उपस्थित रहे. वरिष्ठ कृषक मूरत सिंह, नारायण सिंह, कृषक उत्पादक समिति से महेश लोधी, भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष अनिरूद्ध सिंह उपाध्यक्ष श्री राघवेंद्र सिंह एवं भूसा व्यापारी संघ अध्यक्ष हरजीत सिंह, अनुविभागीय अधिकारी कृषि जय दत्त शर्मा मौजूद थे.

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक में सम्मान का निर्णय

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 24 फरवरी. वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति जनपद ललितपुर की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार दो वरिष्ठतम व्यक्तित्व को सम्मानित करने के लिए समिति के सदस्य पदाधिकारी भोगीराम कौशिक सेवा निवित्त प्रधानाध्यापक के निवास पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया.**

द्वितीय चरण में चिक लाओ बार पहुंच कर राजा राम गोस्वामी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक बेसिक शिक्षा को उनके व्यक्तित्व कृतित्व एवं समाज सेवा के प्रति समाज के प्रतिष्ठित लोगों के मध्य बैठक में सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह में वरिष्ठ नागरिकों ने जनपद में हो रही आत्महत्याओं के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसको रोकने के लिए युवा वर्ग एवं साधनहीन व्यक्तियों के संपर्क में आकर उन्हें समझा बुझा कर अपने व्यक्तित्व के माध्यम से कार्य कर ने तथा जीव को पार्जन के साधन जुटाकर अपने आप को व्यस्त रखकर परिवार का संचालन करने की सलाह देने का संकल्प लिया, गया.

# बरायठा प्रभात फेरी की वर्षगांठ पर कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**बंडा 24 फरवरी. बंडा विधानसभा के बरायठा ग्राम में प्रभातफेरी की 32वीं वर्षगांठ मनाई गई जिसमें लगभग 100, 150 ग्राम से प्रभात फेरी मंडलियों ने भाग लिया और सभी मंडलियों ने ग्राम का निर्माण करते हुए तालाब बस स्टैंड पर समापन किया.**



इस अवसर पर ग्राम में नामदेव मोहल्ला में गौरीशंकर मंदिर में चाय एवं खीर आदि आदि व्यवस्था की गई एवं सभी जगह मंडलियों का एवं भक्तों का स्वागत किया गया. गांव को दुल्हन की तरह सजाया गया और द्वार-द्वार पर रूप रंगोली एवं वंदन वाले लगाये गये. इस वर्षगांठ में शामिल होने के लिए 1008 त्रिदंडी महाराज एवं विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार एवं पूर्व विधायक तरवर सिंह लोधी उपस्थित हुए. सभी मंडलियों को भोजन प्रसादी के बाद झूला एवं फोटो और श्रीपाल के साथ स्वागत किया गया. सभी प्रभात फेरी मंडलियों हरसिद्धि माता तालाब बस स्टैंड से निकाली गई और हरसिद्धि माता तालाब बस स्टैंड पर ही समापन किया गया.